रेलवे स्टेशनों की आर्थिक क्षमता का मूल्यांकन करने संबंधी नियम तथा मानदंड

3753. **श्री ईश दत्त यादव :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे स्टेशनों की आर्थिक क्षमता का मूल्यांकन करने संबंधी नियम और मानदंड क्या हैं;

(ख) क्या इन नियमों का पालन किया जा रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :

(क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

उत्तर प्रदेश में यात्रियों के लिए विश्रामकक्ष सुविधाएं

3754. **चौधरी हरमोहन सिंह :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि धन की अनुपलब्धता के कारण उत्तर प्रदेश में यात्रियों के विश्राम कक्ष की सुविधा तथा अन्य सुविधाएं प्रदान करने के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो धन की अनुपलब्धता के कारण कौन से निर्माण कार्यों को क्षति पहुंची है तथा इन निर्माण कार्यों को उत्तर प्रदेश में किन स्थानों पर किया जा रहा है; और

(ग) सरकार ने राज्य को धन देकर उपरोक्त कार्यों को पूरा करने के लिए क्या प्रयास किए हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :

(क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

रेलवे प्लेटफार्म पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को खोमचे (वेण्डर) लगाने संबंधी लाईसेंस जारी करना

3755. **श्री राम सिंह राठवा :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे प्लेटफार्मों पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों को विक्रेता लाइसेंस जारी करने के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कारण क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :

(क) जी हां ।

(ख) मौजूदा नीति के अनुसार वेंडिंग लाइसेंस आबंटित करने के लिए किसी भी कोटि को आरक्षण अथवा प्राथमिकता नहीं दी जाती है। बहरहाल, छोटे स्टेशनों के मामले में अ० जा० और अ० ज० जा० के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी । जब-जब औचित्यपूर्ण होता है, निर्धारित प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के अनुसार आबंटन किए जाते हैं ।

पश्चिमी रेलवे की इकहरी लाइन दुहरी लाइन में बदलना

3756. **श्री रामसिंह राठवा :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले वर्ष के दौरान पश्चिमी रेलवे में इकहरी लाइन को